सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 01 | इंदौर, मंगलवार 21 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




**बाबापण्डित उवाच**

www.babapandit.com

सिंह में केतु जब आता है तो दुनिया में काफी अराजकता फैलती है राष्ट्र जो चलता है उसमें राजा की पत्रिका की मुख्य भूमिका होती है। 2026 में मोदी जी एक conditional दशा में शुभ दशा में प्रवेश कर गए।

केतु सरकार को चलने में कठिनाई पैदा करता है ।

भारत के 2026-27 वाले वर्षफल में दुश्मन द्वारा बनाई साजिश कब के तैयार हो चुकी है ओर उसका फल दिल्ली विवाद के रूप में हैं।

होगा सरकार को कुछ भी नहीं, बस केतु की करामातें है, वह लगा हुआ है सरकार चले जाए, विदेशी ताकत लगी हुई हैं, परन्तु ऐसा होगा नहीं ।

**मप्र भाजपा विधायक दल की बैठक: सीएम बोले-**

# यूसीसी के फायदे घर-घर पहुंचाएं, विपक्ष के भ्रम का तथ्यों से जवाब दें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक विधानसभा में पेश होने के बाद भाजपा ने इसे जनता तक पहुंचाने की रणनीति तेज कर दी है। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विधायकों से कहा कि यूसीसी के प्रावधानों और उसके लाभों की सही जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी लागू होना प्रदेश की बड़ी उपलब्धि है और इससे सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलेंगे। विशेष रूप से महिलाओं को संपत्ति सहित कई कानूनी अधिकारों में समान संरक्षण मिलेगा।



## मुस्लिम महिलाओं को सामाजिक कुरीतियों से मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी सामाजिक समरसता, न्याय और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों की रक्षा के लिए उन्हें इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस कानून को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश करेगा, इसलिए भाजपा विधायक तथ्यों और प्रमाणों के साथ लोगों के बीच जाएं और सही जानकारी दें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यूसीसी का सबसे अधिक लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा, जिन्हें कई सामाजिक कुरीतियों से राहत मिलेगी।

## सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव पहुंचाए

बैठक में मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों को मॉडल विधानसभा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ जनता का फीडबैक भी सरकार तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए नियमों का सरलीकरण किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए नया सचिवालय बनाया जा रहा है और नीति आयोग ने निवेशकों के अनुकूल सुधारों के मामले में मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान दिया है।

## विपक्ष के झूठ का तथ्यों के साथ जवाब दें

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश यूसीसी लागू कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विधायकों से कहा कि यूसीसी को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों का तथ्यों के साथ जवाब दें और सरकार के साथ संगठन की गतिविधियों को भी प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाएं। बैठक में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**बात मुद्दे की...**

# हाथ में लाल रंग..फोटो में मुस्कराती लड़की.. शोर और साजिशों का दौर है




अनपढ़ भीड़ के लिए बलिदान देने वाला
पढ़ा लिखा आदमी साहिल नहीं,
जाहिल बन सकता है,
बस भीड़ पर एक गोली चले तो
भीड़ ख़त्म नहीं होती
आदमी पर चल जाए
आदमी ख़त्म हो जाता है
भीड़ ना तो बुरा देखती है, ना सुनती है
और कहने का तो सवाल ही नहीं उठता
एक अच्छी भीड़ हमेशा चुप रहती है

(Vikaskumar की कविता के कुछ अंश साभार सहित..)



**छात्रों के आंदोलन में छात्रों के मुद्दों के अलावा सब हुआ है, देश विरोधी नारे, देवी देवताओं का अपमान, पत्थरबाज, ट्रक भर के पत्थर आना बहुत कुछ हुआ। FCRA बिल इसका एक मुख्य कारण है, तब बाहरी फंडिंग जो देश विरोधी कार्य करती थी वह अब आसानी से नहीं हो पाएगी।**

**नशे के विरुद्ध इंदौर पुलिस ने रचा इतिहास**

# 8,534 लोगों की मानव श्रृंखला बनाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड, इंदौर पुलिस ने अपना ही पूर्व रिकॉर्ड तोड़ा

- एक ही आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड की दिशा में बड़ी उपलब्धि
- हजारों लोगों ने एक साथ दिया नशामुक्त समाज का संदेश




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में प्रदेश में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक जनजागरूकता अभियान "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" को इंदौर में ऐतिहासिक जनसहभागिता मिली। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम में 8,534 विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, खिलाड़ियों, नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरुद्ध विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया।

इस उपलब्धि के साथ इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने नशे के विरुद्ध मानव श्रृंखला का अपना ही पूर्व विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पूर्व 7,100 लोगों की मानव श्रृंखला का रिकॉर्ड इंदौर पुलिस के नाम दर्ज था। इस बार 8,534 लोगों की सहभागिता ने न केवल नया कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए इंदौर की सामूहिक प्रतिबद्धता को भी देश के सामने सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से एडिटर श्रीमती अपूर्वा मेनन एवं श्री पलाश शुक्ला द्वारा इस उपलब्धि का रिकॉर्ड पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह को प्रदान किया गया।

### एक आयोजन में दो रिकॉर्ड की दिशा में उपलब्धि

यह आयोजन केवल विशाल मानव श्रृंखला तक सीमित नहीं रहा। कार्यक्रम में 8,534 से अधिक लोगों को एक साथ नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए सामूहिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलब्धि के लिए भी विश्व रिकॉर्ड का दावा प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने एक ही आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने नशे के सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। परिवार, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन, प्रशासन और नागरिक जब एकजुट होकर प्रयास करते हैं, तभी नशामुक्त समाज का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं मित्रों को जागरूक करने तथा नशामुक्त इंदौर और नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### नशामुक्त समाज के लिए जनआंदोलन बन रहा अभियान

मध्यप्रदेश में संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बस्तियों, सामाजिक संगठनों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इंदौर का यह ऐतिहासिक आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जब पुलिस और समाज एकजुट होकर किसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध खड़े होते हैं, तो जनजागरूकता एक प्रभावी जनआंदोलन का रूप ले सकती है।

### समाज के हर वर्ग की रही सहभागिता

इस ऐतिहासिक आयोजन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) श्री मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज एवं RAPTC के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थी एवं शिक्षक, फिजिकल अकादमी के खिलाड़ी, मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु चिकित्सक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

**संभागायुक्त से की भेंट**

# कर्मचारियों के हित में लिए गए निर्णयों के लिए दिया धन्यवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त कार्यालय एवं संभाग के अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के कर्मचारियों को स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किए जाने के आदेश के बाद कर्मचारियों ने आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों को यह निर्णय मिलने से उनमें नया उत्साह और कार्य के प्रति नई ऊर्जा



का संचार हुआ है। उन्होंने संभागायुक्त डॉ. खाड़े का धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि वे नई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ निर्वहन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार संभागायुक्त कार्यालय एवं अधीनस्थ जिला कार्यालयों में कार्यरत स्टेनोग्राफर वर्ग-3 के पांच कर्मचारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक स्थानापन्न रूप से स्टेनोग्राफर वर्ग-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है।

पदोन्नत कर्मचारियों में संभागायुक्त कार्यालय में पदस्थ श्री विजय कुमार देशपाण्डे और श्री महेश तोमर तथा कलेक्टर कार्यालय खरगोन में पदस्थ श्री अजय मुकाती , कलेक्टर कार्यालय खण्डवा में पदस्थ श्री रामलाल पंचौरे तथा कलेक्टर कार्यालय इंदौर में पदस्थ श्री राहुल जैन शामिल हैं।

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता का उपयोग करते हुए शासन की योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में योगदान दें तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# कुपोषण मुक्त इंदौर के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर श्री वर्मा

## लापरवाही पाये जाने पर दो परियोजना अधिकारियों को शोकॉज नोटिस

## आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन पर रहेगा विशेष ध्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में कुपोषण की रोकथाम एवं सुपोषण को बढ़ावा देने के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की आज समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राज्य शासन द्वारा संचालित सभी पोषण संबंधी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न रहे।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिंह सहित सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं भी कुपोषित बच्चे चिन्हित होते हैं तो उनके लिए तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऐसे बच्चों को आवश्यक पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पोषण स्तर में शीघ्र सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में कुपोषण की रोकथाम, आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रदाय किए जा रहे नाश्ता एवं भोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कुपोषण उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक गंभीर कुपोषित (एसएएम) बच्चे के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित निगरानी की जाए तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देकर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्य किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता सुनिश्चित की जाए। किचन शेड की नियमित साफ-सफाई रखी जाए तथा मातृ सहयोगिनी समितियों को सक्रिय कर उनके माध्यम से भोजन की गुणवत्ता की सतत निगरानी कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वयं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भोजन का परीक्षण करें तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं आधार आईडी सत्यापन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि सभी लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के दो परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बताया गया कि समग्र सत्यापन एवं आभा आईडी में प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर परियोजना शहरी क्रमांक 7 के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा एवं इंदौर ग्रामीण क्रमांक 1 के परियोजना अधिकारी श्री नितिन चौरसिया को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित एवं प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी केंद्र निर्धारित समय पर संचालित हों तथा वहां संचालित सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तक समय पर पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ गुणवत्तापूर्वक प्राप्त हो।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में छात्रों का भवरकुआ धरना

## ● 101 वर्षीय पूर्व सांसद पं. रामकृष्ण शर्मा पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सोनम वांगचुक की मांगों के समर्थन में भंवरकुआं चौराहे स्थित टंट्या भील प्रतिमा के पास छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। आंदोलन को समर्थन देने के लिए 101 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद पं. रामकृष्ण शर्मा और वरिष्ठ समाजवादी नेता रामबाबू अग्रवाल धरना स्थल पहुंचे।

पं. रामकृष्ण शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्याग्रह को गांधीवादी तरीके से पूरी तरह अहिंसक और शांतिपूर्ण बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा, "हम पर हमला चाहे जैसा भी हो, हमें हाथ नहीं उठाना है। सत्याग्रह अहिंसा के मार्ग पर ही जारी रहना चाहिए।" 101 वर्षीय पं. शर्मा के उत्साह और आंदोलन के समर्थन से छात्रों में जोश भर गया। छात्रों ने नारे लगाते हुए कहा कि पं. शर्मा ने पहले अंग्रेजों से संघर्ष किया और अब हमारे अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान छात्रों ने सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने निर्वाचन संबंधी कार्यों निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्ति किए हैं। इस संबंध में इसी अनुक्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत आदेश जारी किए गए हैं।**

जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र-203 देपालपुर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी देपालपुर श्री चरणजीत सिंह हुडा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र-207 इन्दौर-4 के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी खुड़ेल श्री राहुल गुप्ता, विधानसभा क्षेत्र-210 राऊ के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी राऊ श्री लोकेन्द्र सिंह सरल एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-211 सांवेर (अ.जा.) हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी सांवेर श्री हरिशंकर विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया है।

नवनियुक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का दायित्व फोटो निर्वाचक नामावली, मतदाता फोटो पहचान-पत्र तैयार कराए जाने एवं मतदान केन्द्रों की जांच/संशोधन आदि तथा निर्वाचन संबंधित समस्त कार्य हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

# जिले के आयुष चिकित्सकों ने एआई टूल्स की बारीकियों को जाना

## ई-दक्ष केंद्र में आयोजित हुई कार्यशाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में सोमवार को कर्मयोगी कर्त्तव्य कार्यक्रम एवं एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस में आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों, सीएमओ एवं पैरामेडिकल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आधुनिक एआई टूल्स तथा उनके प्रभावी उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को कार्यालयीन कार्य संस्कृति (वर्क एनवायरनमेंट), स्वयं की क्षमताओं की पहचान, टीमवर्क, प्रभावी संवाद तथा कार्यस्थल पर बेहतर प्रदर्शन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न गतिविधियों एवं समूह चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा एक-दूसरे के विचारों से सीखने का अवसर प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल द्वारा तैयार किए गए मॉड्यूल के अनुसार आयोजित किया जा रहा है। अकादमी के निर्देशानुसार इंदौर जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए चरणबद्ध रूप से इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री अतुल कुमार पाण्डेय एवं प्रशिक्षक सुश्री जागृति चौहान ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विभिन्न टूल्स, उनकी उपयोगिता तथा प्रशासनिक कार्यों में उनके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि कार्यशाला में आयुष विभाग के डॉ. जितेन्द्र भालसे, डॉ. कमलेश पाटील, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. पुष्पा गोथवाल, डॉ. नेहा भाना, डॉ. रागिनी शिवहरे, डॉ. अनीता खलखो, श्रीमती रीना प्रजापत सहित 23 चिकित्सा अधिकारी, सीएमओ एवं पैरामेडिकल कर्मचारी उपस्थित रहे।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

# गुरु पूर्णिमा पर प्रदेश में मनाया जाएगा महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरुजन सदैव पूजनीय है, वंदनीय हैं। गुरु ही हमें 'गु' (अज्ञान के अंधकार) से 'रु' (ज्ञान-विज्ञान की रश्मि/प्रकाश) की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा अपने गुरुजनों की सेवा, वंदना और उनका आशीर्वाद पाने का प्रमुख उत्सव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए पुरातन भारतीय ज्ञान परम्परा तथा भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा के आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' का आयोजन किया जाये। इसमें स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थानों तथा खेल, नाटक, चित्रकला, संगीत एवं अन्य कला संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष क्रमांक-1 में आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा चल रहा है। प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण गुरु पूर्णिमा से पहले करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि सांदीपनि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु थे। उन्होंने तत्समय अमीर और गरीब सभी छात्रों को विद्या दान देकर राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। वहीं देश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति को व्यवस्थित करने में प्रभावी योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रसार में उनके वैशिष्ट्य और योगदान पर केंद्रित एक लघु पुस्तिका का प्रकाशन करायें और सभी विद्यालयों में वितरित करायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में गुरू-पूजन आयोजन किया जाये। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में मनाये जाने वाले मित्रता दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा के जीवन चरित्र के बारे में बताया जाये।

## गुरु पूर्णिमा को जनभागीदारी का उत्सव बनाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा 'महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व' को जनभागीदारी का उत्सव बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं में अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी इस आयोजन से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाए, ताकि गुरु-शिष्य परम्परा का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और इसे नई पीढ़ी तक सशक्त रूप से पहुंचाया जा सके। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, कार्यक्रमों के स्वरूप तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, संचालक संस्कृति एन.पी. नामदेव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# उज्जैन के फ्रीगंज में ड्राई फ्रूट्स की दुकान में आग

- तीन फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में पाया काबू
- शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)।** उज्जैन के फ्रीगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात एक ड्राई फ्रूट्स और किराना सामान की दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान उसकी चपेट में आ गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और एक पानी का टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देर रात फ्रीगंज से गुजर रहे एक दमकलकर्मी की नजर दुकान से उठ रहे धुएं और आग की लपटों पर पड़ी। उन्होंने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

फायर कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास स्थित कपड़े और अन्य दुकानों तक आग फैलने से रोक लिया गया। यदि आग फैल जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। साथ ही आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की मुख्य वजह माना जा रहा है।

### राज्य महिला आयोग की बड़ी पहल

# जनसुनवाई में सुलझे 28 गंभीर मामले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और पारिवारिक विवादों के निपटारे की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए भोपाल में एक वृहद जनसुनवाई का आयोजन किया। आयोग के समक्ष आए कुल 28 गंभीर मामलों की सुनवाई करते हुए कई परिवारों को टूटने से बचाया गया, तो वहीं कुछ जटिल मामलों में कड़े निर्देश भी जारी किए गए। इस उच्च स्तरीय जनसुनवाई में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक एवं सचिव सुरेश तोमर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस जनसुनवाई में आयोग का मानवीय और मार्गदर्शक चेहरा भी सामने आया। एक पारिवारिक विवाद के मामले में, जहां आवेदिका ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, आयोग की बेंच ने दोनों पक्षों की गहन काउंसलिंग की। विस्तृत चर्चा और समझाइश के बाद पति-पत्नी के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया और महिला ने खुशी-खुशी अपनी शिकायत वापस ले ली। वहीं एक अन्य मामले में, जहां पत्नी पति के साथ रहने को तैयार थी लेकिन पति विभिन्न आरोप लगाकर मना कर रहा था, आयोग ने दोनों को आपसी संवाद के जरिए मतभेद सुलझाने की सलाह देते हुए मामले में उचित कानूनी रुख अपनाने के निर्देश दिए।




जनसुनवाई में एक ऐसा अनोखा और गंभीर मामला भी सामने आया, जिसने सभी को चौंका दिया। एक पारिवारिक विवाद में शिकायतकर्ता (पत्नी) खुद अनुपस्थित रही, जबकि उसका पति आयोग के समक्ष पेश हुआ। पति ने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि उनकी शादी को 18 साल हो चुके हैं, लेकिन जब से उसकी पत्नी शासकीय सेवा में 'अधिकारी' के पद पर नियुक्त हुई है, उसने साथ रहने से इनकार कर दिया है। पति का आरोप है कि वह झूठे आरोप लगाकर अलग रह रही है और बात तक करने को तैयार नहीं है। इस मामले की गंभीरता और आवेदिका की अनुपस्थिति को देखते हुए अध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्देश जारी किए हैं कि आगामी जनसुनवाई में आवेदिका (महिला अधिकारी) और अनावेदक (पति) दोनों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय किया जा सके।

### घरेलू हिंसा से लेकर साइबर अपराधों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई के दिये निर्देश

जनसुनवाई के दौरान आयोग के सामने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, गंभीर पारिवारिक विवाद और वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों से जुड़े मामले प्रमुखता से आए। आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलें और पक्ष अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुने। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश और त्वरित कानूनी कार्यवाही के आदेश दिए गए।

# दिनदहाड़े वकील की हत्या, गर्दन-छाती में 3 गोलियां मारीं

- जमीन विवाद में रिश्तेदारों ने की फायरिंग; चचेरे भाई-भतीजे समेत 3 पर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डबरा, एजेंसी)।** ग्वालियर जिले के डबरा में डेढ़ बीघा जमीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दिनदहाड़े वकील रतन सिंह यादव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनकी गर्दन और छाती में तीन गोलियां मारीं।

गंभीर हालत में उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हत्या का आरोप चचेरे भाई, भतीजे समेत तीन रिश्तेदारों पर लगा है। सभी आरोपी वारदात के बाद फरार हैं। परिजनों के मुताबिक, भितरवार में हरसी रोड स्थित करीब डेढ़ बीघा विवादित जमीन को लेकर रतन सिंह यादव का अपने रिश्तेदारों से कोर्ट में मामला चल रहा था। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे वे जमीन पर पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ा और आरोपियों ने उन पर फायरिंग कर दी।

## संपादकीय

### आयरन डोम की नई ताकत: 'मेक इन इंडिया' तामिर मिसाइल

इजराइल अब अपनी आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम से लॉन्च होने वाली तामिर इंटरसेप्टर मिसाइलों का भारत में प्रोडक्शन करने की योजना बना रहा है। इन मिसाइलों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत बनाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक ये फैसला मिसाइलों को बनाने में आने वाली लागत को कम करना नहीं है बल्कि युद्ध के माहौल में तामिर मिसाइलों के सप्लाई चेन को मजबूत करना है। रिपोर्ट के मुताबिक आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम बनाने वाली इजरायली कंपनी 'राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम' ने भारत में तामिर मिसाइल का प्रोडक्शन करने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। ये भारत और इजरायल के बीच गहरी होती रणनीतिक साझेदारी को दिखाता है। ऐसा करने से तामिर मिसाइलों का तेजी से प्रोडक्शन हो सकेगा जिससे सप्लाई चेन में आने वाली रूकावट का समधान हो सकेगा। इससे भारत दुनिया के सबसे कामयाब शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम में से एक आयरन डोम के लिए एक महत्वपूर्ण मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। दरअसल युद्ध के दौरान इजरायल को तामिर मिसाइलों की भारी संख्या की जरूरत महसूस हो रही है। कम प्रोडक्शन क्षमता की वजह से लगातार बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में दिक्कतें महसूस हो रही हैं। इसके अलावा दुश्मन की मिसाइलें भी उन फैक्ट्रियों पर हमला कर सकती हैं जहां इन मिसाइलों का प्रोडक्शन होता है। इसीलिए इजरायल की कोशिश अपने देश से बाहर प्रोडक्शन हब बनाने की है ताकि सप्लाई चेन लगातार बनी रहे। इजराइल ने पहले ही अमेरिका के साथ सहयोग करके अपनी सीमाओं से बाहर तामिर का प्रोडक्शन बढ़ाया है। राफेल और रेथियॉन के बीच जॉइंट वेंचर जिसे रेथियॉन राफेल एरिया प्रोटेक्शन सिस्टम्स (R2S) के नाम से जाना जाता है वो अमेरिका में मिसाइल कंपोनेंट बनाता है और आयरन डोम के प्रोडक्शन में मदद करता है। अब भारतीय कंपनियों से भी इसी तरह के समझौते होने की संभावना है। इससे निश्चित तौर पर भारत को टेक्नोलॉजिकल लाभ होगा। हालांकि तामिर मिसाइल की कीमत कम होती है लेकिन मास प्रोडक्शन अगर भारत में होता है तो लागत और कम हो जाएगी। इजरायल को भारी संख्या में तामिर मिसाइलों की जरूरत है। इसीलिए इसे भारत में बनाने में खर्च और कम हो जाएगा। इजरायल ने भारत में कई तरह के हथियार बनाने शुरू कर दिए हैं। पिछले एक दशक में भारत की कई डिफेंस कंपनियों ने ग्लोबल स्टैंडर्ड के हिसाब से कई विदेशी कंपनियों को पछाड़ दिया है। भारत डायनामिक्स लिमिटेड (BDL), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) जैसी पब्लिक-सेक्टर कंपनियां और निजी डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स की बढ़ती संख्या के पास अब ऐसी क्षमताएं हैं जो एडवांस्ड मिसाइल प्रोडक्शन प्रोग्राम्स में मदद कर सकती हैं। इससे भारत एक मजबूत निर्यातक देश के तौर पर भी उभर सकता है। भारत में बनने वाली मिसाइलों को बेचना भी इजरायल के लिए आसान होगा। यूरोप और मध्य पूर्व में हालिया संघर्षों के बाद रॉकेट, ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन को नाकाम करने में सक्षम शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम की मांग तेजी से बढ़ी है।

*Health is Wealth*

# महंगी ब्लूबेरी खरीदना मुश्किल? तो खाएं ये देसी फल

## सेहत के मामले में नहीं है किसी सुपरफूड से कम

आजकल हेल्थ और फिटनेस से जुड़े लोगों के बीच ब्लूबेरी को एक सुपरफूड के तौर पर काफी पसंद किया जाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन और फाइबर इसे सेहत के लिए फायदेमंद बनाते हैं। हालांकि, इसकी कीमत इतनी ज्यादा होती है कि हर कोई इसे अपनी डाइट का हिस्सा नहीं बना पाता। ऐसे में भारत का एक पारंपरिक और आसानी से मिलने वाला फल जामुन एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। पोषण के मामले में जामुन भी कई मायनों में ब्लूबेरी को टक्कर देता है और इसकी कीमत भी आमतौर पर काफी कम होती है।



### ● ब्लूबेरी की कीमत पहुंच जाती है 500 से 1500 रुपये तक

अगर आप सोशल मीडिया या हेल्थ से जुड़े कंटेंट देखते हैं तो आपने ब्लूबेरी के फायदों के बारे में जरूर सुना होगा। इसे दुनिया के हेल्दी फलों में गिना जाता है, लेकिन इसकी कीमत कई बार इतनी बढ़ जाती है कि रोजाना खरीदना हर किसी के लिए आसान नहीं होता। कई जगहों पर ब्लूबेरी की कीमत करीब 500 से 1500 रुपये प्रति 250 ग्राम तक पहुंच जाती है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी सेहत के लिए सिर्फ महंगे विदेशी फलों पर निर्भर रहना जरूरी नहीं है। स्थानीय और मौसमी फल भी शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व दे सकते हैं।

### ● जामुन के बैंगनी रंग में छिपे हैं कई फायदे

जामुन का गहरा बैंगनी रंग सिर्फ इसकी खूबसूरती नहीं बढ़ाता, बल्कि इसके पीछे कई स्वास्थ्य लाभ भी छिपे हैं। इसमें एंथोसायनिन (Anthocyanins) नामक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यही तत्व ब्लूबेरी में भी मौजूद होते हैं और उसे उसका गहरा नीला रंग देते हैं। एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। ये कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक माने जाते हैं। इसी वजह से जामुन और ब्लूबेरी दोनों को हेल्दी डाइट का हिस्सा माना जाता है।

### ● जामुन में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं

जामुन में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। इसमें विटामिन C होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है। फाइबर पाया जाता है, जो पाचन तंत्र के लिए अच्छा माना जाता है। आयरन शरीर में खून बनने की प्रक्रिया के लिए जरूरी होता है। पोटैशियम हृदय और मांसपेशियों के सामान्य कामकाज में मदद करता है। इसमें मौजूद पॉलीफेनॉल्स भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं।

### ● क्या ब्लूबेरी की जगह जामुन खा सकते हैं

हालांकि जामुन को ब्लूबेरी का बिल्कुल समान विकल्प नहीं कहा जा सकता, क्योंकि दोनों फलों का पोषण प्रोफाइल अलग-अलग होता है। लेकिन दोनों में एंटीऑक्सीडेंट्स और पौधों से मिलने वाले कई लाभकारी तत्व मौजूद होते हैं। अगर ब्लूबेरी आपकी पहुंच से बाहर है या बजट में फिट नहीं बैठती, तो जामुन एक अच्छा और किफायती विकल्प हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मौसम के अनुसार मिलने वाले स्थानीय फलों को डाइट में शामिल करना ज्यादा व्यावहारिक और फायदेमंद हो सकता है।

### ● डायबिटीज के मरीज जामुन खाते समय रखें ध्यान

जामुन को अक्सर डायबिटीज के लिए फायदेमंद फल माना जाता है क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम माना जाता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि इसे जरूरत से ज्यादा खाया जाए। जो लोग डायबिटीज की दवा लेते हैं, उन्हें अधिक मात्रा में जामुन खाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। किसी भी फल का ज्यादा सेवन संतुलित आहार का विकल्प नहीं हो सकता।

### ● महंगे सुपरफूड के पीछे भागने से बेहतर है देसी फलों को अपनाना

ब्लूबेरी निश्चित रूप से पोषक तत्वों से भरपूर फल है, लेकिन भारत में मिलने वाले जामुन जैसे मौसमी फल भी सेहत के लिए कई फायदे दे सकते हैं। कम कीमत, आसानी से उपलब्धता और पोषण से भरपूर होने की वजह से जामुन एक ऐसा देसी फल है, जिसे अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है।

Uttarpradesh

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: चंपत राय बनेंगे गवाह या आरोपी? चोरी की जानकारी थी, बरामद कराए थे 80 लाख

**लखनऊ, (एजेंसी)** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से चढ़ावा चोरी की दो स्तरों पर हो रही जांच में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव रहे चंपत राय मुख्य भूमिका में हैं। जल्द ही यह तय हो जाएगा कि चंपत राय गवाह बनेंगे या फिर आरोपी। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि चंपत राय गवाह नहीं बने तो सह आरोपी ोबनाए जा सकते हैं! अब तक की जांच में तो उन्होंने सकारात्मक सहयोग दिया है। मुकदमे में अभियोजन पक्ष के लिए चंपत राय की गवाही अहम होगी। इस नाते माना जा रहा है कि चंपत राय को ही पुलिस मुख्य साक्षी बना सकती है।



दरअसल, चंपत राय की गवाही ही मुकदमे का आधार बनेगी। एसआईटी और पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया है कि चढ़ावा चोरी के करीब 80 लाख रुपये ट्रस्ट के तत्कालीन महासचिव चंपत राय ने ही सौंपे थे। इसके बाद ही एसआईटी गठित हुई और प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद ट्रस्टी कृष्णमोहन की ओर से 8 नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ रामजन्मभूमि कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने वादी मुकदमा कृष्णमोहन की आरोपों के संबंध में गवाही दर्ज की है। चंपत राय से भी रुपयों की बरामदगी के संबंध में पूछताछ हुई है। एसआईटी ने भी कई चक्र पूछताछ की है।

वायरल वीडियो के मुताबिक चंपत राय पुलिस के साथ ही 5 जून को चढ़ावा चोरी की तलाश में निकले थे।

Uttarpradesh

**मौसेरे भाई के इश्क में पागल पत्नी!**

## पति के घर में डलवाया डाका, बेहोशी का नाटक कर बेड के नीचे लेट गई पूनम



**गोंडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में पूनम कसौधन नामक महिला ने अपने मौसी के बेटे विकास के साथ मिलकर अपने ही घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया. पैसों की जरूरत पूरी कर साथ भागने के मकसद से आरोपियों ने संदूक और बक्से से सोने-चांदी के आभूषण, 50 हजार रुपये नकद और मोबाइल निकाल लिए. वारदात को छुपाने के लिए कमरे का सामान बिखेर दिया गया और महिला बेहोश होने का नाटक कर बेड के नीचे लेट गई. सुबह पुलिस को सूचना मिलने पर जब महिला से पूछताछ की गई, तब इस पूरी साजिश का खुलासा हुआ.

पूरा मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के विशुनापुर बाजार का है. पीड़ित पति लवकुश ने सुबह अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी थी. आरोपी पूनम ने परिजनों को बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर मारपीट की और चोरी की.

हालांकि, घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने पर बाहर से किसी के आने की गुंजाइश नहीं दिखी. महिला पुलिसकर्मी द्वारा अलग से कड़ाई से पूछताछ करने पर पूनम ने सच कबूल कर लिया. उसने बताया कि विकास के साथ उसके दो साल से संबंध थे और दोनों ने मिलकर तीन-चार दिन पहले इस चोरी का प्लान बनाया था.

योजना के तहत रात में पूनम ने विकास को घर बुलाया था. चोरी के बाद विकास सारा सामान लेकर अपने घर चला गया था.

Rajasthan

## शराब के ठेके में घुसे तेंदुए ने मचाई अफरातफरी

**टोंक, (एजेंसी)** राजस्थान के टोंक जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां सोमवार को एक तेंदुआ शराब के ठेके की दुकान में घुस गया। इस दौरान तेंदुए के हमले में शराब की दुकान के एक 'सेल्समैन' समेत दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के टोडारायसिंह क्षेत्र की है। अधिकारियों ने बताया कि घटना टोडारायसिंह कस्बे में हुई, जहां तेंदुए ने पहले शराब की दुकान के बाहर एक व्यक्ति फतेह लाल कोली (40) पर हमला किया। इसके बाद वह दुकान के अंदर घुस गया और वहां मौजूद 'सेल्समैन' संजय गुर्जर (25) पर भी हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, 'सेल्समैन' किसी तरह दुकान से बाहर निकलने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा तेंदुए को पकड़ लिया। अधिकारियों के अनुसार, दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज से पूरी घटना की जानकारी मिली। घटना का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल है, जिसमें खौफनाक घटना की स्थिति को समझा जा सकता है।

New Delhi

## सड़कों पर बैरिकेड्स, अलर्ट पर पुलिस... दिल्ली कूच पर अड़े हजारों किसान!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब से हजारों किसान आज दिल्ली कूच के लिए शंभू बॉर्डर पर इकट्ठा हो रहे हैं. यह प्रदर्शन भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए के खिलाफ किया जा रहा है. इस समझौते के रद्द होने की मांग को लेकर देश बचाओ मोर्चा ने यह आंदोलन बुलाया है. इन सब के बीच सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रमुख गुरनाम सिंह चढ़ूनी को दिल्ली में प्रस्तावित किसान महापंचायत में शामिल होने जाते समय हरियाणा पुलिस ने हिरासत में ले लिया था.

इलाके में सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है और भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है. दोनों तरफ की सड़कों पर बैरिकेड



लगाए गए हैं और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है.

अमृतसर और गुरदासपुर से किसानों का काफिला शंभू बॉर्डर के रास्ते दिल्ली पहुंचने की तैयारी में है. किसानों की सबसे बड़ी मांग है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित एफटीए को तुरंत रद्द किया जाए.

खेल

# आईसीसी ने किया जून के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एलान, किन प्लेयर्स ने जीते अवॉर्ड?

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जून 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।**




27 वर्षीय नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाई। टीम के कई प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद स्मिथ ने नई गेंद से जिम्मेदारी संभाली और पूरी सीरीज में 23 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पीछे छोड़ा।

स्मिथ का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पहले टेस्ट में लॉर्ड्स पर देखने को मिला, जहां उन्होंने दूसरी पारी में 6/70 विकेट लेकर मैच में कुल नौ विकेट झटके। दूसरे टेस्ट में उन्होंने एक विकेट लेने के अलावा 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं निर्णायक तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 4/91 और दूसरी पारी में दो विकेट लेकर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाने में अहम योगदान दिया।

अवार्ड मिलने पर स्मिथ ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद खास है, लेकिन उनकी प्राथमिकता हमेशा टीम की जीत में योगदान देना रही है। उन्होंने कहा कि चोटों के कारण उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी पड़ी और वह इस चुनौती पर खरा उतरने से संतुष्ट हैं।

महिला वर्ग में इंग्लैंड की स्टार बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी के दम पर यह पुरस्कार अपने नाम किया। नवंबर 2024 के बाद यह दूसरा मौका है जब उन्हें आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। उन्होंने स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्राइस और भारत की बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया।

डैनी व्यॉट-हॉज ने कहा कि घरेलू सरजमीं पर विश्व कप के दौरान यह सम्मान मिलना उनके लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भले ही इंग्लैंड खिताब जीतने से चूक गया, लेकिन टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस टूर्नामेंट से क्रिकेट के प्रति नई पीढ़ी का जुड़ाव और बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने आईसीसी का आभार जताते हुए भविष्य में भी इंग्लैंड के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया।

सिनेमा

## क्या इस दिन रिलीज होगी रणबीर कपूर की रामायण? गॉडजिला : माइनस जीरो को देगी टक्कर




रणबीर कपूर की फिल्म रामायण का इंतजार हो रहा है। जल्द ऑडियंस को फिल्म का ट्रेलर दिखाया जाएगा। लेकिन अभी तक मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है। ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म का पहला पार्ट इस दिवाली पर दस्तक देगा। लेकिन आधिकरिक रूप से डेट के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन अब एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रामायण 8 नवंबर को रिलीज हो रही है। अगर ऐसा हुआ था गॉडजिलाःमाइनस जीरो' से टक्कर होनी तय है। एक तेलुगू फिल्म वेबसाइट के फाउंडर ने अपने X अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने रामायण ट्रेलर की तारीफ करते हुए फिल्म की रिलीज डेट 8 नवंबर बताई है। यूजर्स की तरफ से लिखा गया है, 'कुछ दिन पहले रामायण का 3D ट्रेलर दिल्ली में हुए भारत मंडपम में देखा है। पब्लिक के लिए ये ट्रेलर 24 जुलाई को दिखाया जएगा। फिल्म की कास्ट एकदम सही है सभी विजुअल एकदम इंडियन फेल दे रहे हैं। आर्टिफीसियल और ज्यादा वेस्टर्न स्टाइल एलिमेंट्स को कम से कम रखा गया है। ये एक जबरदस्त ट्रेलर है। रणबीर भगवान राम के रूप में परफेक्ट लग रहे हैं। यश, रावन के रूप में जबरदस्त लग रहे हैं।

## Highlights

1. Not 56-yr-old 'youngster' but 28-yr-olds who made space history: PM Modi in dig at Rahul Gandhi
2. Where there are facts and logic, there is no room for a storm: PM Modi
3. PM Modi urges cooperation ahead of Parliament Monsoon Session 2026
4. Argentina, Spain fans clash at Pune World Cup screening
5. APEDA facilitates export of J&K's premium cherries to Singapore
6. Education has no colour: JD(U) on Bihar govt painting schools saffron
7. 3 student leaders end hunger strike at Jantar Mantar after 23 days

# Govt infra spending rises fivefold since 2014, touches nearly ₹91 trillion



**NEW DELHI, (Agency).** New Delhi: Prime minister Narendra Modi's government has sharply increased infrastructure spending since coming to power in 2014, with allocations rising to more than five times the level seen in the decade up to 2014.

The Centre's effective capital expenditure, including grants to states for creating public assets, surged to ₹90.87 trillion during 2014-26, from ₹17.04 trillion in the previous decade (2004-2014), underscoring the government's sustained push to use public investment as a driver of economic growth and infrastructure creation.

In a written reply to the Lok Sabha on Monday, finance minister Nirmala Sitharaman said the Centre's direct capital expenditure increased to ₹64.70 trillion during 2014-26 from ₹12.39 trillion during 2004-14, while grants-in-aid for creation of capital assets amounted to ₹26.17 trillion over the past 12 years. These grants are provided to states for projects such as school buildings under Samagra Shiksha and houses under the Pradhan Mantri Awas Yojana.

Effective capital expenditure refers to the Centre's capital expenditure along with grants-in-aid provided to states and other agencies for the creation of infrastructure assets such as roads, schools and houses.

Monday was the first day of the Monsoon Session of Parliament that will sit till 13 August.

Sitharaman informed the house that effective capital expenditure captures both the Centre's own capital spending and grants given to states for asset creation, providing a broader measure of public investment. Grants for creation of capital assets have been accounted for separately since 2010-11, while for 2004-05 to 2009-10, effective capital expenditure has been treated as equal to capital expenditure.

Queries sent on Monday to the finance ministry remained unanswered.

### Investment-led growth focused

Experts said the fivefold increase in effective capital expenditure reflects the government's emphasis on investment-led growth.

"Public investment in infrastructure builds productive assets that improve connectivity, reduce logistics costs and enhance economic efficiency. Over time, this creates conditions for higher productivity, employment and private investment. While execution remains critical, sustained capital formation can strengthen India's long-term growth potential and support broader economic development," said Prashant Shah, co-founder and chief executive officer (CEO) of Definedge Securities, a stockbroking and fintech firm.

The Centre also highlighted a steady increase in capital expenditure as a share of gross domestic product (GDP) since the pandemic. The ratio rose from 1.6% in 2014-15 to 3.2% in both 2023-24 and 2024-25, before easing marginally to 3.1% in 2025-26 (provisional).

बिजली कंपनी के एसई पर लोकायुक्त का शिकंजा,

# 33 साल में मिला 2 करोड़ वेतन, 7 करोड़ से ज्यादा की जायदाद, 9 ठिकानों पर छापे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री शिवराम सेमिल के यहां मंगलवार सुबह लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना में उनके कुल 9 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे गए। शुरुआती जांच में लोकायुक्त को उनकी आय से करीब 258 फीसदी ज्यादा संपत्ति मिलने की बात सामने आई है। फिलहाल 9 ठिकानों पर ये कार्रवाई जारी**



लोकायुक्त के मुताबिक शिवराम सेमिल पिछले 33 साल से सरकारी सेवा में हैं। इस दौरान उन्हें करीब 2 करोड़ रुपए का शुद्ध वेतन मिला। लेकिन जांच में अब तक उनके और परिवार के लोगों के नाम पर 6.50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति और निवेश मिले हैं। अगर रहने-खाने और अन्य खर्च भी जोड़ दिए जाएं तो कुल खर्च 7.16 करोड़ रुपए से ज्यादा बैठता है। इसी आधार पर लोकायुक्त ने इसे आय से 258 फीसदी अधिक संपत्ति माना है।

छापे के दौरान इंदौर की सिलिकॉन सिटी में उनका तीन मंजिला मकान मिला है जिसकी कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपए बताई गई है। इसके अलावा मुरैना के रविदास नगर में भी दो मंजिला मकान मिला है जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है।

जांच में यह भी पता चला कि परिवार के लोगों के नाम पर कई फैक्ट्रियां और कंपनियां चल रही हैं। पीथमपुर में बेटे शुभम सेमिल के नाम शुभम इलेक्ट्रिकल नाम की ट्रांसफार्मर बनाने की फैक्ट्री मिली है। यह करीब 880 वर्गमीटर जमीन पर बनी है और इसकी लागत करीब 1.25 करोड़ रुपए बताई गई है।

बहू और अन्य परिवार के सदस्यों के नाम पर कर्निश पावरजोन नाम की कंपनी भी मिली है। इस कंपनी के नाम पर पीथमपुर में दो औद्योगिक प्लॉट खरीदे गए हैं। एक प्लॉट पर पहले से फैक्ट्री चल रही है जबकि दूसरे पर नई फैक्ट्री बनाई जा रही है। इसमें करीब 1 करोड़ रुपए का निवेश सामने आया है।

धार जिले के उज्जैनी औद्योगिक क्षेत्र में दामाद और बेटे के नाम से एस.एस. इलेक्ट्रिकल्स नाम की फर्म भी मिली। यहां तीन प्लॉट खरीदे गए हैं जिन पर करीब 1.50 करोड़ रुपए खर्च होने की जानकारी मिली है। इसके अलावा कृष्णा पावर और ए-वन इलेक्ट्रिकल नाम से भी फैक्ट्रियां मिली हैं। इनमें लगाए गए निवेश की जांच अभी जारी है।

लोकायुक्त को इंदौर में इन कंपनियों के कई दफ्तर भी मिले हैं। सिलिकॉन सिटी में शुभम इलेक्ट्रिकल का कार्यालय मिला जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई गई है। एयरपोर्ट रोड के अंजनी नगर और देवास नाका इलाके में भी कर्निश पावरजोन के कार्यालयों की जांच की गई। इसके अलावा ओमेक्स सिटी में बेटों के नाम पर प्लॉट और शुभम इलेक्ट्रिकल के नाम पर करीब 15 लाख रुपए की महिंद्रा इलेक्ट्रिक कार भी मिली है।

लोकायुक्त पुलिस ने शिवराम सेमिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत केस दर्ज किया है। डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, दिनेश पटेल और दीपक शेजवार सहित कई अधिकारियों की टीम कार्रवाई में लगी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है। दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद संपत्ति का आंकड़ा और बढ़ सकता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक